गई। उसने अपनी अलौकिक शक्ति से जान लिया कि सोमदा ने भवशर्मा नामक एक निरपराध व्यक्ति को बैल बना दिया है। बन्धनमोचिनी ने दयार्द्र होकर उस समय बैल के गले में से डोरी निकाल ली जब कि बैल का स्वामी उसे देख नहीं रहा था। गले में से डोरी निकलते ही वह बैल फिर भवशर्मा बन गया। मालिक ने बैल की तलाश करना शुरू किया किन्तु मालिक के लिए अब उस बैल की छाया तक भी पहुँचना सम्भव नहीं था। उधर बंधनमोचिनी और भवशर्मा दोनों साथ-साथ चलने लगे। संयोग से सोमदा भी उसी रास्ते से आ निकली। भवशर्मा को फिर से मनुष्य रूप में देख कर उसके क्रोध का ठिकाना न रहा। 'माया जाने जन की ही माया' के अनुसार सोमदा सब रहस्य समझ गई। उसने बंधनमोचिनी को आड़े हाथों लेते हुए कहा— दुष्टे! तूने इस भवशर्मा को क्यों बन्धन-विमुक्त कर दिया? अवश्य ही तुझे इसका फल चखाऊँगी। कल प्रभात तुम दोनों को मौत के घाट न उतार दूं तो मेरा नाम सोमदा नहीं। यह कह कर बिना किसी उत्तर की प्रतीक्षा किये ही सोमदा वहाँ से चली गयी। उसके चले जाने के बाद बंधनमोचिनी ने भवशर्मा से कहा—"कल सोमदा हम दोनों का प्राणान्त करने के लिए एक काली घोड़ी का रूप धर कर आवेगी। उस समय मैं रंगबिरंगी घोड़ी का रूप धारण करूंगी। जब हम दोनों आपस में लड़ने लगें तब तुम काली घोड़ी को तलवार से मार डालना।

"प्रातःकाल होते ही भवशर्मा तलवार लेकर बंधनमोचिनी के घर गया। कुछ समय बाद सोमदा काली घोड़ी का रूप बना कर वहाँ आ पहुँची। बंधनमोचिनी ने लाल-भूरी घोड़ी का रूप बना लिया और दोनों में गुत्थमगुत्थी होने लगी। मौका देख कर भवशर्मा ने काली घोड़ी पर तलवार का वार किया जिससे सोमदा नामक जादूगरनी का सदा के लिए काम तमाम हो गया और भवशर्मा ने भी सन्तोष की सांस ली।"•

उक्त कथा से स्पष्ट है कि जब तक जादू की रस्सी बंधी रहती है, तब तक जादूगर या जादूगरनी द्वारा परिवर्तित रूप से मुक्ति नहीं मिलती। जादू की रस्सी ज्योंही टूटी मनुष्य अपने पूर्व रूप को प्राप्त कर लेता है। ऊपर दी हुई कथा में यदि बंधनमोचिनी बैल के गले से डोरी न निकालती तो भवशर्मा को बैल ही बने रहना पड़ता।

कथा सरित्सागर के अतिरिक्त अन्य अनेक कृतियों में 'जादू की डोरी' नामक मूल अभिप्राय के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। जैन-धर्म की एक अप्रकाशित कृति 'उत्तम चरित्रकथानक' *है जिसमें मदनसेना नामक मालिन राजकुमार उत्तमचरित्र के प्रेम में पागल हो उठती है।* जब वह राजकुमार को प्राप्त नहीं कर पाती तो उसकी टांग में जादू का डोरा बांध देती है जिसके परिणामस्वरूप तत्काल ही उत्तमचरित्र तोते का रूप धारण कर लेता है। दिन में वह उसे तोता बना रखती और रात्रि में उसके पांव में से जादू का सूत्र निकाल लेती जिससे फिर

• द्रष्टव्य The Ocean of Story (pp. 193-94,95)

वह मनुष्य बन जाता। इस प्रकार रात्रि में वह राजकुमार को अपनी विलासिता का साधन बनाती।'

'उत्तमचरित्र कथानक' से मिलता-जुलता प्रसंग ही 'चौबोली' नामक राजस्थानी लोक-कथा में भी उपलब्ध है जिसका आवश्यक अंश यहाँ उद्धृत किया जा रहा है—

"ठाइरां मूरिखै रो नाम रतन पारखू दियौ। रतन परखावण लोक आवै। खोटै-खरै री खबरि करिदै। ठाइरां कुंवरी अैड़ी—सिद्ध आया इसी राखड़ी कराई जे बांधीजै तो सुवटो हुवै खोलीजै तो आदमी हुवै। एक समै सुवटो करि बैसारियौ हुतौ सु स्याम करतां उड़ियौ। बाई सहर के राजा री कवरी पंचकली नै मिल्यौ। पंचकली बंधे री कली सु सुवली तेसूं नाम पंचकली कहावती। तैरै मोहल आइ बैठौ। पंचकली पकड़ि लियौ घर स्याम करतां देखै तो राखड़ी छै। राखड़ी खोलै तौ मनिख हुवौ। रति मानिस करै। दिन सुवटो करै। इम करतां उवैसूं चूकी। अर्थात् तब मूर्ख का नाम रत्न-पारखी रखा गया। रत्न-परीक्षा करवाने के लिये लोग आने लगे। मूर्ख खोटे-खरे की जाँच कर देता। तब राजकुमारी ने किसी सिद्ध से ऐसा रक्षा-सूत्र बनवाया कि जिसे यदि किसी के बाँध दिया जाय तो वह व्यक्ति सुआ हो जाय और यदि रक्षा-सूत्र खोल दिया जाय तो सुआ पूर्ववत् मनुष्य का रूप धारण कर ले। एक समय राजकुमारी ने मूर्ख को सुआ करके बिठला रखा। सुआ खेल ही खेल में उड़ा और जाकर शहर के राजा की लड़की पंचकली से मिला जो चम्पे की कलियों से तुलती थी और इसलिए जिसका नाम भी पंचकली था। सुआ उसके महल पर जाकर बैठ गया। पंचकली ने उसे पकड़ लिया और ध्यान करते हुए देखा तो उसे राखी (रक्षा-सूत्र) दिखाई दी। राखी ज्योंही खुलाई गई, सुआ मनुष्य हो गया। इस प्रकार राजकुमारी रात को उसे मनुष्य बना देती और दिन में सुआ बना देती। इस प्रकार करते हुए वह पथ भ्रष्ट हो गई।

जैसा ऊपर कहा गया है 'उत्तमचरित्र कथानक और चौबोली की इस उपकथा में बहुत साम्य है किन्तु फिर भी उपकथा अपनी विशेषता लिए हुए है जिसकी ओर हमारा ध्यान आकृष्ट हुए बिना नहीं रहता। लोक-कथाओं में सामान्यतः यह देखा जाता है कि राजकुमारी गले में जादू का डोरा डाल कर जिसे सुआ बना देती है, वह सुआ साधारणतः उड़ कर अन्य राजकुमारी के पास नहीं जाता। किन्तु चौबोली का सुआ उड़ कर एक दूसरी राजकुमारी पंचकली के पास पहुँच जाता है।

नाल्स (Knowles) द्वारा संपादित काश्मीरी लोक-कथाओं में एक ऐसे जादूगर की लड़की का प्रसंग आता है जो एक राजकुमार से प्रेम करने लगती है। वह राजकुमार को राजकुमारी से वियुक्त कर देना चाहती है। इसलिए राजकुमार के गले में एक जादू की डोरी अथवा सूत्र बाँध देती है जिसके परिणाम-स्वरूप राजकुमार तत्काल ही एक मेंढ़े का रूप धारण कर लेता है।

उक्त काश्मीरी लोक-कथा को पढ़ कर हम एक ऐसी ही प्रसिद्ध राजस्थानी लोक-कथा का स्मरण हो आता है जो तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से यहाँ संक्षिप्त रूप में उद्धृत की जा रही है—

"एक समय की बात है कि मारवाड़ के एक पहाड़ी इलाके में एक विधवा राजपूत स्त्री रहती थी। संयोग से एक रात के समय जब कि मूसलाधार वर्षा हो रही थी उसका एक लड़का बाहर निकला। घोर अन्धकार में पानी की बौछारों से वह बालक अपनी सुधबुध खो बैठा। दुर्भाग्यवश उसका पाँव पानी की तेज धार में फँसा गया और वह बह निकला।

"उस समय दिल्ली में एक बादशाह राज्य करता था। उसके वजीर के कोई पुत्र न था। वजीर की आयु ढल चुकी थी तथा वह और उसकी पत्नी पुत्रहीन होने के कारण बहुत दुखी रहते थे। वजीर नियम से नित्य प्रातःकाल यमुना-स्नान करने जाता था। एक दिन वह ज्योंही घाट पर गया उसने देखा कि एक बालक नदी में बहता हुआ जा रहा है। वह तुरन्त नदी में से उस बालक को निकाल लाया और उसे घर ले जाकर अपनी पत्नी से कहा— "भगवान ने हमारे लिए पुत्र भेजा है इसका पालन पोषण कर।" वजीर की स्त्री ने बालक का रूप-रंग देखा तो वह मुग्ध हो गई।

"दिन मास और वर्ष व्यतीत होने लगे। लड़के की आयु अब पन्द्रह वर्ष की हो चली। एक दिन तीज का मेला देखता हुआ लड़का ऐसे स्थान पर जाकर रुका जहाँ से बादशाह का महल बहुत नजदीक था। बादशाह की बेटी झरोखे में खड़ी हुई मेले की शोभा देख रही थी। वजीर के बेटे को देख कर वह उस पर मुग्ध हो गई। उसने तुरन्त एक दासी को भेज कर लड़के से कहलवाया कि आज अर्द्ध रात्रि के समय घोड़ा लेकर तुम मेरे महल के नीचे आकर खड़े हो जाना। मैं वहीं तुमसे मिलूँगी।

'वजीर का बेटा निश्चित समय पर वहाँ पहुँचा। बादशाह की लड़की पहले ही वहाँ घोड़ा लिए खड़ी थी। दोनों रातों-रात नगर से बाहर निकल गये। मंजिल-दर-मंजिल चलते वे कामरूप देश में पहुँचे। एक सराय में उन्होंने डेरा किया। बादशाह की बेटी भोजन के प्रबन्ध में लग गई और वजीर का बेटा दोनों के लिए खाना-दाना लाने बाजार गया। कामरूप देश की स्त्रियाँ जादू-टोने के लिए विख्यात हैं। वहाँ की एक स्त्री वजीर के लड़के को देख कर उस पर मोहित हो गई। उसने वजीर के लड़के के गले में एक जादू की डोरी बाँध दी जिससे वह मेंढ़ा बन गया।

'बहुत समय तक बाट देखने पर भी जब वजीर का लड़का न लौटा तो राजकुमारी ने मर्दाना वेश बनाया और उसकी खोज में निकल पड़ी। कई दिनों तक घूम कर उसने नगर की गली-गली छान डाली किन्तु वजीर के बेटे का कुछ पता न चला। नगर में घूमने से उसे एक बात का निश्चय अवश्य हो गया कि किसी ने जादू के बल से उसके प्रेमी को पकड़ लिया है। एक दिन कामरूप के राजा ने पुरुष वेषधारी राजकुमारी को देखा। राजा ने जब परिचय पूछा तो बादशाह की लड़की ने कहा कि मैं दिल्ली का राजकुमार हूँ। राजा ने अपनी राजकुमारी का विवाह उसके साथ कर दिया। बादशाह के बेटे ने कहा— 'हमारे यहाँ ऐसा रिवाज है कि विवाह के पश्चात् सात दिन तक रात जगायी जाती है। आप नगर के सारों मुहल्लों को आदेश दे दीजिए कि हर मुहल्ले की स्त्रियाँ एक-एक रात जगावें।

राजा के हुक्म से सभी स्त्रियाँ बारी-बारी से रात जगाने आती। बादशाह की बेटी बड़ी

सावधानी से उन्हें देखती। इस प्रकार रात पचास-पचास छः रातें गुजर गयीं। सातवीं रात उस मुहल्ले की स्त्रियों की बारी आयी जिसमें वह मेंढ़ा बना देने वाली स्त्री भी थी। वह स्त्री मेंढ़े को भी अपने साथ लाई थी। बादशाह की बेटी ने मेंढ़ा अपने पास रख लिया और राजा से उसका मूल्य चुका देने को कह दिया। वह यद्यपि मेंढ़ा देना नहीं चाहती थी तथापि उसकी एक न चली और उसे मजबूर होकर मेंढ़े के बदले मूल्य ले लेना पड़ा।

"बादशाह की बेटी ने दूसरे दिन दिल्ली के लिए प्रस्थान कर दिया। राजा ने उसे बहुत धन देकर विदा किया। मार्ग में बादशाह की लड़की ने मेंढ़े के गले में बंधा हुआ मन्त्र का धागा तोड़ डाला। ऐसा करते ही मेंढ़ा वही सुन्दर वजीर का बेटा बन गया।

'बादशाह की बेटी ने राजकुमारी तथा वजीर के बेटे को सब वृत्तान्त कह सुनाया और उससे प्रार्थना की कि वह उन दोनों को पत्नी रूप में स्वीकार करके सुखपूर्वक जीवन बितावे। वजीर के बेटे ने इस प्रार्थना को सहर्ष स्वीकार कर लिया।"

इसीसे मिलती-जुलती एक कहानी मालजी हीरजी की है जिसका आवश्यक अथवा संबद्ध अंश यहाँ उद्धृत किया जा रहा है —

"अब मालजी बजार में आर बांण्या हाट्या में तो बांण्या की सा' दीयाया अर फेर तमोळी कै बीड़ा लेवाने गया। सो तमोळण तो बाने मींढो कर'र बैठाण लीना। हीरजी रसोई पोह'र मालजी नै हेरवा लाग्या जिद देखी कांई तो मालजी तो मींढो हुया तमोळण कै मंड्या छै। देख'र उमटाई चल्या गया। ऊं सैर को राजा नार की सिकार खेलवाने रोजीना जाव अर हीरजी भी रोजीना देखवाने जाव। एक दिन भटा में अस्यो नारयो नार आ गयो गो कोई सूं ई को मरयो नै जिद हीरजी आपका जोरा माड्या सूं तीर की देर ऊं नार नै मार नाख्यो। जिद राजा हीरजी नै बुला'र कैवे—रे भाई जुवान था सूं म्हांकी साथ रैबो कर। हीरजी साथ रैवा लाग्या। राजा राजी हुं'र हीरजी नै कैवे—भाई जुवान तूं चावे सोई मांग। जिद हीरजी कैवे—और तो कांई की भांपू नै खाना का सौ टका रोजीना चायजे छै। सो राजा भी टका सौ सोना का रोजीना कर दीना अर ऊंनै चाकरी बड़ी परगणा दीनी। अब हीरजी को नाम नगरसेठियो जुवान पड़ गयो अर राज मोबी सब काम कोई करवा लाग गयो। फेर वो सब जिनावरां की लड़ाई करवाई। बड़े हाती की बड़े पाड़ा की बड़े कोई की बड़े कोई की अर कोईसाई मींढा की। जिद सब सैर का मींढा आया अर तमोळण को मींढो भी आयो। हीरजी ऊं मींढा को डोरो तोड़'र मालजी कर लीना। फेर आपका देस जावानै राजा सूं सीख मांगी। राजा वाने घणो धन-दौलत देर, सीख देर बिदा कर दीना। हीरजी अर मालजी अर वा राजा की कांई ठंग्यूं चाल्या। आम आम र मालजी हीरजी अर राजा की कांई मं ब्याह कर लियो अर सीम्यूं सुख सूं रैवा लाग्या।।[1]

---

[1] देखिये Specimen of the Dialects spoken in the State of Jeypore by Rev G Macalister M A (pp. 53-61)

"जालजी और हीरजी में प्रेमी-प्रेमिका का सम्बन्ध था। जब हीरजी का विवाह-सम्बन्ध किसी दूसरे से स्थिर हो गया तो एक दिन जालजी और हीरजी दोनों पुरुष वेश में अपने-अपने घोड़ों पर सवार होकर एक साथ निकल पड़े। चलते चलते वे एक शहर में पहुँचे। अब जालजी तो बाजार में खाने वालों के यहाँ जाकर खानों की 'सारें' ले आए और फिर तमोळी के यहाँ बीड़ा लेने गए। तमोळिन ने उन्हें मेंढ़ा बना कर बिठा लिया। हीरजी रसोई का काम छोड़ कर जालजी को तलाश करने गई तो क्या देखती है कि जालजी तो मेंढ़ा बने तमोळिन के यहाँ बंधे हैं। देख कर हीरजी लौट गयीं। उस शहर का राजा सिंह की शिकार के लिए प्रतिदिन जाता और हीरजी भी रोज शिकार का दृश्य देखने जाती। एक दिन एक झाड़े में एक ऐसा भारी शेर आ गया जो किसी से भी नहीं मारा गया। तब हीरजी ने अपने घोड़े पर से तीर चला कर उस सिंह को मार डाला। तब राजा ने (पुरुष-वेश धारण किए हुए) हीरजी को कहा— हे भाई नौजवान! आ तू मेरे साथ रहा कर।

हीरजी ने साथ रहना स्वीकार कर लिया। एक दिन राजा ने प्रसन्न होकर कहा— 'नौजवान तुम्हें जो चाहिए मांग।" हीरजी ने कहा— 'मुझे और तो कुछ नहीं चाहिए, प्रतिदिन सोने के सौ टके चाहिएं'। राजा ने हीरजी को सौ टके प्रति दिन देना स्वीकार कर लिया और अपनी पुत्री का विवाह उससे कर दिया। अब हीरजी का नाम सवाटकिया जवान पड़ गया और राजा का भी सब काम वही करने लग गया। फिर उसने सब पशुओं की लड़ाई करवाई—कभी हाथियों की कभी घोड़ों की कभी भिन्सी की और कभी किसी की और अंत ही अंत में मेंढ़ों की। जब उस शहर के मेंढ़ आये तो तमोळिन का मेंढ़ा भी आया। हीरजी ने उस मेंढ़ का 'डोरा' तोड़ कर उसे जालजी बना लिया। फिर अपने जाने के लिये राजा से छुट्टी मांगी। राजा ने उन्हें बहुत सा धन-द्रव्य देकर विदा किया। हीरजी जालजी तथा उस राजा की लड़की ये तीनों चले। आगे चल कर जालजी ने हीरजी तथा उस राजा की लड़की दोनों से विवाह कर लिया और तीनों सुखपूर्वक रहने लगे।

'जादू की डोरी' नामक मूल अभिप्राय के सम्बन्ध में जो दो राजस्थानी लोक-कथाएँ उद्धृत की गई हैं, उनमें विवरणों का कुछ अंतर होते हुए भी दोनों की आत्मा एक है। एक कथा में भेद को प्राप्त करने के लिए 'रात्रि-जागरण' का आश्रय लिया जाता है, जब कि दूसरी कथा में पशुओं की लड़ाई का आयोजन किया जाता है।

किसी भी मूल अभिप्राय के सम्बन्ध में दो बातें द्रष्टव्य हैं—एक तो यह कि मूल अभिप्राय एक कथानक-रूढ़ि के रूप में प्रयुक्त होता है जिसका तात्पर्य यह है कि किसी एक देश-विशेष की लोक-कथाओं में ही नहीं बल्कि अन्य देशों की लोक-कथाओं में भी सामान्यतः उसकी बार बार आवृत्ति देखी जाती है। दूसरी बात यह है कि इस प्रकार का मूल अभिप्राय कथानक को आगे बढ़ने में भी सहायक होता है। 'जादू की डोरी' नामक मूल अभिप्राय के स्पष्टीकरण के लिए जिन लोक-कथाओं के उदाहरण ऊपर दिए गए हैं उनसे यह बात स्पष्ट है कि 'जादू की डोरी' कथा को गति देने में सहायक होती है। यति ही क्यों कथा की परिणति में

टोटेम' जादू और धर्म की जो धारणायें थीं—वही आगे चलकर समाज की विकसित अवस्था में विज्ञान एवं कला का रूप ग्रहण करती गईं। किन्तु एक महत्त्वपूर्ण बात है—मनुष्य की चाहे वैज्ञानिक-क्षुधा हो अथवा कलात्मक-क्षुधा हो—दोनों ही के लिए मनुष्य ने अपने सामाजिक इतिहास में बार-बार कथाओं का उदाहरणों का दृष्टांतों का सहारा लिया। मनुष्य अपनी बात कहने के लिए, अपने मन के रहस्यभरे और अस्फुट विचार को व्यक्त करने के लिए कहानी और दृष्टांतों की शरण में गया है।

मनुष्य के आदिम-मानस पर कथा-कहानी का अद्भुत प्रभाव पड़ता था। उसके सभी प्रकार के विश्वासों के पीछे एक सुसम्बद्ध कथा का आधार हुआ करता था। वह शिकार के लिए जाता तो पशुओं के व्यवहारों और उनकी चतुरता से बचने के तरीकों की कितनी ही वह गियाँ गुथी हुई होती थीं। वही कहानियाँ उसकी शिकार-शिक्षा थी। इसी प्रकार हवाओं के रुख पर कथा-कहानियाँ होती थीं। सूरज का उगना चाँद का अस्त होना पेड़ का पैदा होना वर्षा की बूँदों का आना नदियों में पानी का बहना पानी के किनारे किनारे पशुओं का चरना—अर्थात आदिम जीवन की सभी आवश्यकताओं के अनुकूल एवं अनुरूप कथा-कहानियाँ बनी हुई हैं। प्रकृति के इन उपकरणों के अलावा मनुष्य के सामाजिक जीवन को सुसंगठित बनाने की दृष्टि से भी अनेक कथानक अस्तित्व में आये। व्यक्ति और उसकी वैयक्तिक समस्याओं ने भी कथा का स्वरूप ग्रहण किया। कहने का तात्पर्य यह कि आदिम समाज का संपूर्ण कलात्मक एवं वैज्ञानिक जीवन कथाओं के माध्यम से व्यक्त होता था।

कथाओं के मुख्यतः दो रूप हो सकते हैं। एक—वे कथायें जो सहज स्वाभाविक और यथातथ्य घटनाओं का ज्यों का त्यों वर्णन करें अर्थात कथा के पात्र घटनायें चरित्र सभी कुछ जीवन के यथार्थ पर निर्भर करें।

कथा का दूसरा स्वरूप—वे कथायें जो कल्पना के सानुपातिक उपयोग द्वारा अनुभूतियों एवं घटनाओं के यथार्थ को विरूप (Deform) करके जीवन के सत्य को उद्घाटित करें। आदिम-जीवन की सभी कथा-कहानियाँ विरूपात्मक' हैं और 'विरूप' के माध्यम से वे संकेतात्मक अर्थ प्रदान करती हैं। परियों जादू-टोनों असम्भाव्य घटनाओं एवं पशु-पक्षियों की कथाओं के पीछे जीवन की संकेतात्मक अनुभूति छिपी हुई रहती है।

कथाओं के यही दो मुख्य बीज हैं। इन्हीं बीजों को सामाजिक भूमि पर मनुष्य के अनुभवों का जीवन-दायी पानी मिला और कथाओं की लता जीवन के नानारूपात्मक संकेतों में पल्लवित एवं पुष्पित होने लगी।

कथाओं का क्रम मनुष्य के सामाजिक जीवन की ही भाँति अविच्छिन्न एवं सतत् प्रवाहशील रहा है। इन कथाओं ने अपने मुख्य विभाजनों के आधार पर इतिहास समाज दर्शन शिक्षा धर्म राजनीति आचार-विचार एवं नीतिशास्त्र सम्बन्धी अनेक जीवन प्रसंगों में यथार्थ का सहारा लेकर कथा शैली एवं विषयों को विकसित बनाया। इसी प्रकार विरूपात्मक' शैली में मनुष्य के सूक्ष्म एवं अमूर्त विचारों को अभिव्यक्ति मिली।

यह दोनों प्रकार की कथा-शैलियाँ समाज की विकसित अवस्था पर पहुँच कर, बहुत कुछ अन्योन्याश्रित होने लगीं। ऐतिहासिक आख्यानों में असम्भाव्य घटनाओं एवं रचनात्मक सूक्ष्मताओं का प्रभाव पड़ने लगा और दूसरी ओर कल्पना-जन्य विचारात्मक कथाओं में यथार्थ का प्रभावशाली अंश आने लगा।

प्रारंभिक अवस्था में जब मनुष्य के पास अपने भावों एवं विचारो को व्यक्त करने के लिए केवल वाणी का सहारा था तब वह कथा कहता था और सुनता था। बाद में जब उसने भावों एवं विचारों को वाणी के संकेतों (अर्थात् लिपि) में लिखना सीख लिया तो वह कथाओं को लिपि-बद्ध करने लगा। किन्तु उस समय की लिपि-बद्ध भाषा में आज जितनी सहजता एवं यथार्थ को निश्चित स्वरूप में व्यक्त करने की शक्ति नहीं थी। अत उन कथा कहानियों को ऐसा स्वरूप ग्रहण करना पड़ा जो सांकेतिक शब्दों के माध्यम से गहरे एवं सुन्दर भावों को ध्वनित कर सके और इसीलिए उस समय के कथाकारों को 'पद्य' का सहारा लेना पड़ा। पद्य-बद्ध कथा लिखने के पीछे कुछ और कारण भी थे। उस समय के कथाकार के सामने अपनी 'बात' को व्यक्त करने के लिए एक ओर भाषा की सीमा थी और दूसरी तरफ प्रारम्भतम अयत्न होने के कारण भाषा स्वयं ही छन्द का सहारा लेने लगती थी। साथ ही 'बात' को स्थायित्व प्रदान करने के लिए कथा को ऐसा स्वरूप देने की कोशिश की जाती थी जिसमें वह सहजता से मनुष्य के कंठ में जीवित रह सके। उस समय लिपि का जन्म तो हो चुका था किन्तु उस लिपि का सम्पूर्ण समाज में प्रचार होना सम्भव नहीं था। अत लिपि के जन्म के साथ ही साथ कथाओं के सुनने एव सुनाने का क्रम निरन्तर चलता रहा। सच बात तो यह है कि लिपि का सही-सही उपयोग तो छापेखाने के बाद ही हो सका है। उसके पूर्व का जितना भी साहित्य है वह सब तो कथात्मक अथवा कथनात्मक साहित्य ही है।

भारतीय कथा-साहित्य को एक विहंगम दृष्टि से देखें तो पता चलेगा कि चाहे वे कथायें वेदों की हो चाहे पुराणों-उपनिषदो की कहानियां हों चाहे जातक की आख्यायिकायें हों चाहे बृहत्कथा सरित्सागर हितोपदेश सिंहासन बत्तीसी बैताल पच्चीसी के किस्से हों—सभी कथाओं की लिखने की शैली में 'कहने के प्रकार' का प्राधान्य है। इन सभी कथाओं में 'सुनने एवं सुनाने' का भाव निहित है।

इस बात को समझने के लिए आप किसी भी प्राचीन कथा को ले लीजिये और उसकी तुलना आधुनिक कहानी से कीजिये। आज की कहानी का अपना टेक्नीक है—उसकी अपनी शैली है। कहानी केवल कथा ही नहीं है। वह अपनी शैलीगत विशेषता के कारण विशिष्ट भी है। प्रेमचन्दजी अथवा शरतबाबू की कहानी को पढ़ कर आनन्द तभी प्राप्त हो सकता है जब हम उन्हीं के द्वारा लिखे गये रूप को पढ़ते हैं। उनकी लिखी हुई कहानी को हम बयान करके वह आनन्द प्राप्त नहीं कर सकते। किन्तु प्राचीन कथाओं में लेखक की इस 'वैयक्तिकता' का नितान्त अभाव है। कथा को लिखने वाला अथवा कहने वाला कथा से लो-की-गरी निरपेक्ष है। जो कुछ है—वह कथा ही है। उस कथा को जो

गुण कहना — वह लेखक की शैली अथवा वैयक्तिकता के बिना ही कह सकती है। उन कथाओं का यह सर्वश्रेष्ठ गुण भी है और सम्भवतया उनकी सबसे महत्वपूर्ण दुर्बलता भी है।

कथाओं की विकासमान यात्रा की एक अद्भुत कहानी है। जब केवल वाणी थी—उसका स्वरूप एक था। जब लिपि का जन्म हो गया तो उसके स्वरूप ने पलटा खाया। समाज की आवश्यकतायें एवं नैतिक मान्यतायें बदलीं तो उसे अपना पथ बदलना पड़ा। ज्यों-ज्यों मनुष्य के ज्ञान की परिधि विस्तृत होती चली गई—त्यों ही त्यों कथाएं जीवन की गहराई में उतरती चली गई। कथाओं ने कभी समाज के आदर्शों को व्यक्त करने की कोशिश की तो कभी आदर्शों की रूढ़िवादिता और कठोरता को भग करने की कोशिश की। कभी कथा ने इतिहास को अपने में समाहित करने का प्रयत्न किया तो कभी उसने दर्शन की गुत्थियों को सुलझाया। कभी कथा ने रीति-नीति की बात की तो कभी उसने रीति-नीति की व्यर्थता को साबित किया। कभी कथा ने समाज को बलवान बताया तो कभी उसने एक व्यक्ति के चरित्र को ही समाज की मर्यादा बना दिया। सूर्य की रोशनी समाज और व्यक्ति के मन के गहरे अंधेरे में पहुँची या नहीं पहुँची नहीं कह सकते किन्तु कथा की उज्ज्वल किरणों ने अवश्य समाज और व्यक्ति के अन्तर को प्रकाशवान बनाया है।

कथाओं के सामने एक ही भाषा कभी बंधन बन कर नहीं आई। विश्व भर के सभी मनुष्यों की सभी भाषाओं में उसने अपना रूप बदला। वह एक देश से दूसरे देश की सीमा में ठीक हवा की भांति जा मिली। और दूसरे देश में जाकर वह पहिचानने जैसी भी नहीं रही। उसका देशीय अथवा राष्ट्रीय स्वरूप न मालूम क्यों और कैसे बदल जाता है?

किन्तु साथ ही यह बात भी स्पष्ट है कि कथाओं का अपना राष्ट्रीय स्वरूप होता है। भारत की कथाओं में भारतीय आत्मा का निवास है। यदि कोई भारतीय कथा अन्य किसी देश में चली गई है तो उस कथा ने उस राष्ट्र की आत्मा को ग्रहण कर लिया है और अब वह उस राष्ट्र की सम्पत्ति बन चुकी है। इसी प्रकार कथाओं में हमारे अतीत के अनुभवों एवं इतिहास के घटनाओं की छाप भी होती है।

इसी जगह हम विश्वजनीन कथा साहित्य को अपने देश और काल की सीमा में बांध सकते हैं।

भारत एक बहुत बड़ा देश है। यह देश अनेक संस्कृतियों का पवित्र संगम है। इसके इतिहास में अनेक 'देश अथवा राष्ट्र' बने और बिगड़े। इस भू-भाग पर अनेक भाषायें बोली गई—लिखी गई कितनी ही भाषायें अतीत में अपना आप खत्म करके विलीन हो गई। कितनी ही भाषायें निरन्तर रूप से बदलती रहीं और उनका सतत् विकास होता रहा। भारत के भूगोल इतिहास एवं संस्कृति की अपनी अपनी कहानियाँ हैं। इन कहानियों ने भारत को निश्चित मार्गों में बांधा और उन्हीं मार्गों को निश्चित 'अनुभवों' और 'आवश्यकताओं' के अनुरूप ढालने का प्रयत्न किया। इसीलिए हम भारत को विभिन्न संस्कृतियों का एक महान देश कहते हैं।

भारत के पश्चिमी छोर पर एक प्रदेश है जो राजस्थान के नाम से जाना जाता है। इतिहास के उहापोह और विभिन्न कबीलों के निकट सम्पर्क के कारण धीरे-धीरे यह प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता के तत्वों को एकत्रित करने लगा। प्रारंभ में राजस्थान की सांस्कृतिक सीमायें एकदम स्पष्ट नहीं थीं जैसी आज हैं। इतिहास के दौर में अनेक बार राजस्थान की सांस्कृतिक सीमायें पंजाब सिंध मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश एवं गुजरात की सीमाओं में प्रवेश कर जातीं और कभी-कभी इन पड़ौसी प्रदेशों का गहरा प्रभाव राजस्थान की सीमा पर पड़ने लगता। मध्यकाल में अनेक राज्य बनते और बिगड़ते थे—उनके सीमा-परिवर्तनों के साथ-साथ प्रदेशों का स्वरूप भी बनता और बिगड़ता था। किन्तु इसी दौर में धीरे-धीरे, भारत की वर्तमान राज्यों की निश्चित सीमायें बनना प्रारम्भ हो गई थीं—इन सीमाओं के निर्माण के पीछे आर्थिक ढांचे की सम्पन्नता राजनीति अथवा राज्यों की स्थिति रहन-सहन खान-पान भाषा एवं संस्कृति की एकता तथा इतिहास एवं भूगोल के अनुभवों का पुष्ट आधार था।

इन्हीं मुख्य आधारों पर राजस्थान की सांस्कृतिक इकाई का जन्म हुआ। इस प्रदेश की भाषा—राजस्थानी ने अपना विशिष्ट भाषागत स्वरूप ग्रहण करना प्रारम्भ किया। यह अपभ्रंश से जन्मी किन्तु उसने अपने निकट के प्रदेश गुजराती एवं पंजाबी से पृथक ही स्वरूप ग्रहण किया। अपभ्रंश के ठीक पश्चात राजस्थानी भाषा के निर्माण का काल सातवीं शताब्दी के बाद से प्रारंभ हो जाना चाहिये। इसी काल से विभिन्न अपभ्रंशों का स्वरूप विभिन्न प्रान्तीय भाषाओं में समाहित होकर निश्चित स्वरूप लेने लगा था।

जब राजस्थान प्रदेश की सांस्कृतिक सीमायें बनने लगीं और उसकी भाषा का स्वरूप स्थिर होने लगा तो सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अनुभवों के आधार पर राजस्थानी भाषा में साहित्य-सृजन होना प्रारंभ हुआ। ११ वीं शताब्दी तक आते-आते तो राजस्थानी भाषा में महत्वपूर्ण और सुन्दर ग्रंथों की रचना होने लगी। साथ ही यह भी निश्चित है कि राजस्थानी की रचनायें भारतीय संस्कृति की ही एक पवित्र धारा बनी रहीं। उसका मुख्य प्रेरणा स्रोत संस्कृत प्राकृत एवं अपभ्रंश का वाङ्मय ही था।

राजस्थानी भाषा के निर्माण में राजस्थानी बातों अथवा कथाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। यह कथायें पद्यबद्ध भी लिखी गई एवं गद्य में भी लिखी गईं। साथ ही साथ कथाओं की दो अन्य समानान्तर धारायें राजस्थान में प्रवाहित होती रहीं। एक धारा तो उन कथाओं की थी जिनको लिपिबद्ध स्वरूप मिला और दूसरी धारा वह थी जो राजस्थान के निवासियों के कंठों में ही जीवित रही—अर्थात यह कथायें केवल कही व सुनी जाती रहीं—उन्हें किसी ने लिखने का प्रयत्न नहीं किया।

प्रस्तुत राजस्थानी बात-संग्रह में राजस्थान की लिपिबद्ध पद्य कथाओं का सम्पादन किया गया है। यह सभी कथायें प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों से प्राप्त हुई हैं। इन कथाओं का कथा-स्वरूप के अतिरिक्त भी बहुमूल्य महत्व है। राजस्थानी भाषा के स्वरूप तथा

की समस्त परंपरा भाषा-विज्ञान एवं व्याकरण की दृष्टि से इनका अध्ययन अत्यंत आवश्यक है।

इन कथाओं की कथा-शैली के रूप में समीक्षा करते समय एक बात समझ लेना बहुत आवश्यक है। यह सही है कि यह कथायें गद्य में लिखी गई हैं। इनमें कथानक पात्र एवं चरित्र-चित्रण आदि—सभी कथा के गुण मौजूद हैं। किन्तु साथ ही इन कथाओं का मुख्य प्रयोजन कथा लिखना नहीं था—अपितु कथा को भली प्रकार कह सकने के लिए, उसके मुख्य स्वरूप को स्मृति के रूप में लिपिबद्ध कर लेना मात्र था। राजस्थान की संस्कृति से परिचित लोग भलि भाँति जानते हैं कि मध्यकाल में सभी मुख्य राजघरानों एवं ठिकानेदारों के यहाँ लोकनायकों की ही तरह कथाकार भी रखे जाते थे। उनका काम ही कहानी कहना था। वे कितनी ही रातों एक ही कहानी कहा करते थे। यह कहानी क्या—एक अलिखित वृहदाकाय काव्य उपन्यास ही होता था। इन कथाओं का आन्तरिक रूप-विधान 'कहने की प्रणाली' पर निर्भर करता था। बात कहने में कहने वाले के स्वरों का उतार चढ़ाव उसके हाथों-आँखों के संचालन इशारे और सुनने वाले के साथ उसका एकदम निकट सम्पर्क रहता था। इस कारण सारी कथा में सुनाने वाला एवं सुनने वाले एकाकार हो जाते थे। कहीं-कहीं तो श्रोता ही कहने वाले के वाक्य को पूरा करते थे। कथा कहने की इस कलात्मक प्रणाली में बोलचाल की भाषा नाटकीयता और सुन्दर पद-बद्ध पदों का प्रयोग होता था। कथा का सम्पूर्ण सौन्दर्य उसके सुनने में था। यही सुनाई जाने वाली कथायें धीरे-धीरे कागज की सुविधा के कारण लिपिबद्ध की जाने लगीं। लेकिन कथा का अभिव्यक्त स्वरूप वही 'कहने के तत्व' पर निर्भर बना रहा। लिखते समय वह विस्तार एवं स्वतंत्रता नहीं मिल सकती थी—जो बोलते समय होती है। इसलिए लिपिबद्ध कथा को केवल कही जाने वाली कथा के कलात्मक सौन्दर्य की ओर संकेत मात्र समझना चाहिए।

राजघरानों में पलने वाली इन कथाओं के अलावा धार्मिक आख्यानों का रूप भी मुख्य रूप से सुनाने का ही था। जैन मुनि अथवा नाथ-संप्रदाय के लोगों ने राजस्थानी बात साहित्य को बहुत समृद्ध बनाया और ये धर्मगुरु अपने जीवन-दृष्टिकोण को व्यक्त करने के लिए कथा का सहारा लेते थे। इन लोगों द्वारा लिखी गई कथाओं में भी 'कहने का तत्व' ही महत्वपूर्ण रहा।

तीसरे प्रकार की लोक-कथाओं का अस्तित्व राजस्थान के जन-साधारण में था। यह कहते थे सुनते थे हँसते थे सीखते थे और उन्हें भूल जाते थे। कहावत मुहावरे और पहेलियों में वे अपना आत्मानुरंजन करते थे। इन लोक-कथाओं को बहुत कम लिखा गया और आज भी असंख्य कथायें लोगों के कंठों में जीवित हैं।

राजस्थानी बात संग्रह में कुल आठ कथायें हैं। इन कथाओं का विषयानुक्रम विभाजन हम इस प्रकार कर सकते हैं—

१ प्रेम संबंधी	ढोला-मारू री बात जलाल-बूबना री बात

२	इतिहास संबंधी	अमरसिंह गजसिंहोत री बात पदमसिंह री बात सूरे-खींवे कांधळोत री बात
३	प्रतीकात्मक	डाफाळा सूर री बात
४	पौराणिक	पलक दरियाव री बात
५	हितोपदेश	पलक में खलक

राजस्थानी भाषा में प्रेम-संबंधी कथाओं का विपुल भंडार है। उनमें से कुछ ही कथाओं के नामों का उल्लेख करना चाहता हूँ—नागजी-नागवन्ती जींवजी-आमसदे चस्मादे-मोहण लाखां-फूलांणी राणो काछबो रतनां-हमीर मूमल-महेन्दरो सिहामदे सुल्तान बींझा सोरठ एवं बैठवा-ऊजळी। इन सभी कथाओं में प्रेम की प्रशस्ति गाई गई है। समाज की नानारूपात्मक परिस्थितियों एवं घटनाओं के बीच में प्रखर अमर और शाश्वत प्रेम के पुष्प को प्रस्फुटित किया गया है। इन प्रेम-कथाओं में प्रेमियों का पवित्र सहज और मानवीयता का प्रबलतम पक्ष अभिव्यक्त हुआ है। इन प्रेम-कथाओं में जातीय राष्ट्रीय सामाजिक धार्मिक एवं पारिवारिक बंधनों का इंद्रजाल नहीं है। यहां सभी सहज मानव हैं और प्रेम ही उनका जीवन-लक्ष्य है। और लक्ष्य तक पहुँचने में कोई भी कृत्रिम बाधा उनके लिए बंधन नहीं है।

इन प्रेम-कथाओं के संसार में से बात-संग्रह में ढोला-मारू एवं जलाल-बूबना की बातें ली गई हैं। राजस्थान की प्रेम-कथाओं में इन दोनों कथाओं का अन्यतम स्थान है।

ढोला—राजस्थान का सहज सहृदय वीर बलवान और एक औसत नवयुवक है। उसका पालन-पोषण सामन्ती व्यवस्था में हुआ। वह राजकुमार है। उसके हृदय में प्रेम की औसत मात्रा है। वह परिवार में सीधे-सीधे जीवन बिता लेता यदि बचपन में ही उसके माता-पिता उसका विवाह मारवणि से न कर देते तो। ढोले का मोह सुन्दरता से था। उसमें जब मारवणि का विरह-दीप्त संदेश और उसके सौन्दर्य का वर्णन सुना तो उनके औसत मन की प्रेम-भावना जागृत हो उठी। इस संदेश से पूर्व ढोला को अपने शैशवकालीन विवाह का ज्ञान नहीं था। उसे अपने वैवाहिक कर्त्तव्य का ध्यान भी आया। किन्तु इसी बीच में उसके पिता ने उसका विवाह मालवा की एक राजकुमारी माळवणि से कर दिया था। उसके मन में एक क्षण के लिए भी संघर्ष उत्पन्न नहीं हुआ कि वह मारवणि के प्रेम-संदेश को ठुकरा दे। वह चलने को उद्यत हो जाता है।

ढोला-मारू की कथा का नायक-प्रेम कथा का एक साधन मात्र है और साधन होने के नाते वह वे सब कार्य सम्पन्न करता है जो परिस्थितियां उसे करने के लिए बाध्य करती हैं। ढोला के व्यक्तित्व की बागडोर परिस्थितियों के हाथ होती है। इसके विपरीत इस कथा में मारवणि एवं माळवणि का चरित्र कहीं अधिक सकारात्मक है। मारवणि को ज्योंही ज्ञात होता है कि उसका विवाह ढोला के साथ हो चुका है वह नवयौवना अपने जीवन की सम्पूर्ण एकाग्रता से ढोला को प्राप्त करने की कोशिश करने लगती है। वह ढोला तक संदेश पहुँचाने

की कोशिश करती है। उसके पिता ब्राह्मण को भेजना चाहते हैं किन्तु मारवणि तो ब्राह्मण को 'बीतस बात' कह कर भेजना नहीं चाहती। अत में ढाढ़ियों को भेजा जाता है। मारवणि इससे भी संतुष्ट नहीं है। वह स्वयं प्रेम-संदेश को रूप देती है। ढाढ़ी उसी के संदेश के कारण ढोला के मन पर काबू पा सके।

ढोला जब पूंगळ आ पहुँचता है और मारवणि के साथ वह वापस लौटता है तो ऊमर सूमरा के चंगुल से निकालने के लिए मारवणि की ही चतुराई काम में आती है। ढोला तो निपट मारू के प्रेम का 'साधन मात्र' है जिसका मानो निर्माण ही मारू के प्रेम की अभिव्यंजना के लिए किया गया हो। ढोला तो एक रसिक प्रेमी है जो मारवणि का सौन्दर्य वर्णन सुन कर उसकी ओर लालायित हो उठता है और जब उसे मारू की वृद्ध अवस्था या अनुन्दरता की खबर मिलती है तो निराश हो जाता है। किन्तु मारू के सामने ढोला के रूप या सौन्दय का कोई अर्थ नहीं है।

मारवणि के समान ही मालवणि का चरित्र भी सकारात्मक है। वह चतुर, क्रूर, गर्वीली और अपने पति पर एकाधिकार चाहने वाली निरंकुश स्त्री है। अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए वह अमानवीय कृत्य करते हुए भी नहीं झिझकती। अपने स्वार्थ के सामने वह साधारण शिष्टता को कुछ भी नहीं गिनती। मालवणि की इस अदूरदर्शिता एवं क्रूरता की वजह से ही मारू के प्रेम के प्रति अद्भुत सहानुभूति जागृत होने लगती है। ढोला और मारू के मिलन में सबसे बड़ी बाधा मालवणि की ही थी।

ढोला-मारू की प्रेम-कथा एक साधारण यथार्थ शैली की कथा ही होती यदि इस कथा में इतने सुन्दर एवं हृदयग्राही काव्य प्रसंग और सजीव एवं सशक्त काव्य-अभिव्यंजना नहीं होती। इस यथार्थ कथा में दो प्रसंग ऐसे हैं जहाँ 'तथ्य' को कला-सौन्दर्य के लिए 'विकृत' किया गया है। यह प्रसंग है ऊँट से मालवणि एवं ढोला की बातचीत तथा इन्हीं दोनों पात्रों के बीच में तोते की बातचीत। पशुओं के बोलने अथवा उनके मानवीय व्यवहार का यह आरोप लोक कथा का प्रभावशाली गुण है।

प्रेम की दूसरी कथा है—जलाल-बूबना। ढोला-मारू से यह कथा एकदम भिन्न है। ढोला एक औसत नवयुवक था। जलाल औसत नहीं असाधारण है। वह वीर है, गर्वीला है, चतुर है, कल्पनाशील है, अपने निश्चय का पक्का है। ढोला परिस्थितियों के वश रहता था, जलाल परिस्थितियों को वश में रखना जानता था। इसी प्रकार इस कथा में बूबना भी चतुर, भावुक, सुन्दर और अपने निश्चय की दृढ़ नायिका चित्रित की गई है। दोनों की चतुरता के कारण ही उनका प्रिय संबंध निभ सका।

इस कथा का एक अद्भुत पक्ष यह है कि जलाल अपनी मामा की विवाहिता बूबना से प्रेम करता था। जलाल का विवाह बूबना की बड़ी बहन मूमना से हुआ था। बादशाह अमतमायची के हरम में जाकर अपनी प्रियतमा से मिल कर आजाना जलाल के ही साहस का काम था। बादशाह को जलाल के इस अनैतिक कार्य के बारे में उसकी अन्य पत्नियाँ बार बार कहती थी। किन्तु जलाल या बूबना कोई न कोई ऐसा हल निकाल देते थे जिससे

बादशाह का संदेह मिट जाता था। बादशाह को अपने मानजे जलाल की बहादुरी का गर्व भी था इसलिए वह उसे कहना भी नहीं चाहता था। कठिन से कठिन परीक्षाओं में भी जलाल बूबना के पास जाने में नहीं हिचका। उसने सांपों शेरों और पानी के पहरों को पार किया फूलों के ढेर में छिपा रहा चौकीदार को जान से मार डालना पड़ा किन्तु जलाल अपने प्रेम की बाजी में हार जाने को तैयार नहीं था। इस कथा में सुन्दर चरित्र-चित्रण हुआ है। कथा की घटनाओं के मुकाव भी बहुत कलात्मक हैं। जलाल की बुद्धिमानी की पृष्ठभूमि में बादशाह अमतमायची की विश्वासभरी बेवकूफी के कारण पाठकों के होठों पर निरन्तर मुस्कान रहती है। अजीब बात तो यह है कि अपनी मामी को प्रियतमा बना कर स्नेह करने वाले प्रेमी पर पाठक का क्रोध नहीं सहानुभूति उमड़ती है। प्रेम का ऐसा सहानुभूतिपूर्ण चित्रण उपस्थित करना निश्चय ही कथा की उच्चता का उदाहरण है या प्रेम के क्षणों का जादू है।

ऐतिहासिक कथानकों के सभी पात्र इतिहास-सम्मत हैं। सही बात तो यह है कि इन कथानकों के सामने एक स्पष्ट लक्ष्य महसूस नहीं होता। इन बातों का ध्येय न कथा कहना है और न पूरे अर्थों में इतिहास को सुरक्षित रखना है। इन कथाओं का जब इस कथानक की दृष्टि से विश्लेषण करते हैं तो इतिहास की गुत्थियों में उलझ जाते हैं और जब इनमें इतिहास की तलाश करते हैं तो कथानक की रचना हावी होने लगती है। ये कथाएँ, इसलिए, इतिहास और साहित्य के बीच की एक अरवंत दुर्लभ कड़ी हैं। किन्तु इनका एक महत्व है। इन कथाओं में इतिहास की केवल इतिवृत्तात्मक प्रवृत्ति नहीं है इतिवृत्त में मनुष्य की सजीवता का भास है। इसलिए अमरसिंह या पद्मसिंह इतिहास की कठपुतली की भाँति महसूस नहीं होते बल्कि वे सजीव प्राणियों अथवा पात्रों की भाँति जीवित-से महसूस होते हैं।

यहाँ यह कहना आवश्यक नहीं है कि अमरसिंह और पद्मसिंह वीर पुरुष थे अभिमानी थे और अपनी वीरता की वजह से वे दिल्ली के बादशाहों के यहाँ आदर एवं भय की नजर से देखे जाते थे।

इन ऐतिहासिक कथाओं के विश्लेषण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है—उस समय के समाज का यथातथ्य चित्रण। इन दोनों कथाओं का सम्बन्ध भारत की एक मुस्लिम सत्ता से है। दोनों ही कथाओं में राजस्थान के रजवाड़ों एवं दिल्ली की सत्ता के आन्तरिक सम्बन्धों का पता चलता है। मध्यकाल में सामन्ती राज्यों के षड़यन्त्रों का ताना-बाना कितना उलझ चुका था यह इन कथाओं से स्पष्टतया समझा जा सकता है। चारों ओर युद्ध चारों ओर विग्रह मार-काट जीतना हारना। और इन्हीं के बीच में वीरता के मापदंडों का अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन। मध्यकालीन भारत की सर्वत्र व्याप्त सामाजिक स्थिति का दिग्दर्शन।

सूरे एवं खीवे की कथा—अन्य दो ऐतिहासिक कहानियों से भिन्न है। इस कथा में इतिहास के साथ ही साथ कथा के गुण भी हैं। सूरे एवं खीवे का अपने मौसेरे भाई राठूड़ा के यहाँ जाना और बालक के स्वभाव की उद्दंडता के कारण एकदम झगड़ा हो जाना कथा

जो शुरू से ही आकर्षक बना देता है। पाठक की उत्सुकता बढ़ने लगती है। राजूखाँ का यह प्रसंग सूरे एवं सींवे के घुस जाता है कि क्या वे उसकी घोड़ी ले जायेंगे? बात ही बात में वीरोचित दम्भ के कारण इस छोटी सी बात पर झगड़ा हो जाता है। दो मौसेरे भाई लड़ पड़ते हैं। भूपर सींखे की चालाकी से घोड़ी को उड़ा लेते हैं। राजूखाँ घोड़ी के विरह में फकीर होकर निकल जाता है। घूमते-घूमते फिर एक दिन अपने मौसेरे भाइयों के यहाँ आ पहुँचता है। वहाँ उसकी घोड़ी बंधी हुई होती है। उसे ले भागता है। युद्ध होता है। सूरा-सींवा भी युद्धस्थली में काम आ जाते हैं।

सामन्ती-व्यवस्था का शासक वर्ग दंभी और बात की टेक पर मर मिटने वाला होता है। बात चाहे कितनी ही छोटी क्यों न हो। इतिहास में इसके अनेकानेक उदाहरण मिल जाते हैं। राणा प्रताप और शक्तिसिंह की लड़ाई इसी बात पर हो गई—सूअर को किसने पहले मारा? बड़ा भाई छोटे भाई की पहल स्वीकार नहीं कर रहा था और छोटा भाई बड़े भाई की सतर्कता पर सन्देह कर रहा था। यही बात सूरे एवं सींवे की कथा में भी है। उसके तरकश के चाबुक का हाथ लगाना ही चिन्ता की बात हो गई। यहीं से कथा का बीज बढ़ते-बढ़ते युद्ध भूमि की विकराल स्थिति में बदल जाता है। निरपेक्ष वीरता काव्य के समान *नाजुक इज्जत और प्रतिशोध की अग्नि इन्हीं तीन शब्दों* में सामन्ती-व्यवस्था के सामन्त का मानसिक चित्रण उपस्थित किया जा सकता है।

सूरे एवं सींवे की बात का एक और महत्त्वपूर्ण सामाजिक महत्व है। सूरा एवं सींवा दोनों भाई राजपूत थे किन्तु उनका मौसेरा भाई राजूखाँ मुसलमान था। उनमें परस्पर स्नेह भी था। एक दूसरे के प्रति भाईचारे का निश्चित भाव था। यदि आपस में झगड़ा नहीं होता तो उनके स्नेह में कमी नहीं आती। हिन्दू एवं मुसलमानों के इस पारिवारिक संबंध को कथा ने अत्यन्त स्वाभाविक भाव से निभाया है।

इन कथाओं के पश्चात 'डाबाळी सूर' एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कथा है। यह प्रतीक शैली में लिखी गई एक वीरता की कहानी है। यहाँ वीरोचित कार्यों का आरोपण एक सूअर परिवार पर किया गया है। यहाँ यह कह देना भी आवश्यक है कि अन्य मानवीय मूल्यों की भाँति 'वीरता' का मूल्य भी समाज-सापेक्ष है। कल जिस कार्य में वीरता का भाव था वह सम्भवतया आज उस रूप में ग्रहण नहीं किया जा सकता। मुगल दरबार में खड़े होकर पर्वतसिंह जिस वीर-भाव से किसी का नशा पाबर-भूमी की तरह उतार सकते थे वैसे ही भाव की जनतंत्रीय पद्धति से चुनी विधान सभा का कोई सदस्य यही व्यवहार नहीं कर सकता। अतः 'डाबाळी सूर' की वीरता का प्रतीक अपने युग की वीर-भावना के अनुकूल एवं अनुरूप है। किन्तु सहज ऐतिहासिक कथा और इस प्रतीक कथा में एक बहुत बड़ा अन्तर है। सूअर का प्रतीकात्मक चित्रण होने के कारण उसमें साधारणीकरण का भाव आ गया है। इसलिए 'वीरता' स्थान काल एवं घटना में निहित न होकर एक अमूर्त तत्व के रूप में व्यक्त हो सकी है। इसलिए हमें कथा के माध्यम से काल की परिधि में और परिधि से परे वीरता का अमूर्त भाव ग्रहण करना पड़ता है।

'प्रतीक' के ही कारण इस कथा में भी एक प्रकार से सत्य का बिम्बात्मक प्रयोग हुआ है। वीरता के तथ्य का सूअर के परिवार पर आरोपण किया गया है। और उसके बाद सूअर की व्यवहारगत और स्वभावजन्य परिस्थितियों के आधार पर मानवोचित वीर-भाव की अभिव्यंजना की गई है। सूअर के जीवन से उन्हीं घटनाओं अथवा व्यवहारों को लिया गया है जो मनुष्य के कार्यों के सम-तुल्य रखे जा सकते हैं। यहाँ यह कहना भी असंगत नहीं होगा कि प्रत्येक बिम्बात्मक कथा में एक बार तथ्य को एक विशिष्ट प्रकार से मोड़ देने के बाद कथाकार को उस 'मोड़' के अनुसार ही संपूर्ण सम-तुल्यता का अनुपात बिठाना पड़ता है। 'डाकाळा सूर' की कथा में यह 'बिम्ब' एक वीर-सूअर परिवार के प्रतीक रूप में स्थापित किया गया और सफलतापूर्वक निभाया भी गया।

इस कथा में एक वीर परिवार का प्रतीक सूअर-परिवार को बताया गया। आबू की गिरि कन्दराओं में रहने वाले—वहाँ के निर्द्वन्द्व वीर सूअर को किस बात की कमी थी? सूअर के परिवार के लिए आबू का प्राकृतिक सौन्दर्य फली-फूली और भूमती हुई वनस्पति कलकल करते बहने वाले झरने और आकाश को चूमने वाले विकट पहाड़। ऐसी ही सुन्दरता और भयानकता के बीच में सूअर का परिवार रहता था। उनके पाँच पुत्र हुये। पाँचों की जन्म-पत्रियाँ बनीं और इन जन्म-पत्रियों के बहाने से कथाकार ने भविष्य की ओर पहिले ही संकेत कर दिया।

इस कथा में सूअरनी और सूअर का युद्ध-वर्णन उनकी सहज-वीरता की पारस्परिक बातचीत जय का अंश मात्र भी नहीं साहस अपने बालकों को युद्ध की शिक्षा अन्य किसी के राज्य की सीमा पर अनधिकार किन्तु निश्चित अधिकार, सेना को तितर-बितर कर देने की अतुलनीय शक्ति और आक्रमण को सहने में असीम वीरता का परिचय मिलता है। इस कथा के पीछे एक और अनुभव की बात भी है। राजस्थान में सूअर का शिकार स्वयं राजाओं का एक मनपसन्द खेल रहा है। सारी कथा में सूअर के मार्ग-कलापों एवं युद्ध के तरीकों का सूक्ष्म वर्णन हुआ है।

'डाकाळा सूर' की बात में कुछ ऐसे मार्मिक संकेत भी आये हैं जिससे 'प्रतीक' का भाव स्पष्टतर हो गया है। यह सूअर एवं सूअरनी वस्तुतः पशु नहीं थे। ये कुबेर के यक्ष थे और कुबेर के श्राप के कारण ही इनको बारह वर्ष की तपस्या करने के बाद जीवन-संघर्ष में आने का अवसर मिला। सूअर, अन्त में मरते समय कहता है कि मैं वीर के हाथ से मर कर वीर गति को प्राप्त हो रहा हूँ। कथा में भावों की महत्ता शिव की आराधना और श्राप व तपस्या का वर्णन भी आया है। यह सब बातें कथाकार इसीलिए कहना चाहता है कि कहीं पाठक यह न समझलें कि यह केवल सूअर की स्थूल वीरता का चित्रण है। सूअर को मनुष्य बनाने के लिए 'श्राप' की कल्पना सहज ही करली गई है।

इस कथा को व्यंग्य कथा नहीं कहना चाहिए। क्योंकि कथा का मुख्य प्रयोजन हास्य नहीं है— अपितु एक गंभीर भाव 'उत्साह और वीरत्व' है। इस कथा में कहीं भी यह भाव नहीं आता है कि वीर पुरुष का प्रतीक—सूअर एक पशु मात्र है। सूअर के परिवार की

वीरता का संकेत हमें 'व्यंग' में नहीं प्रतीक में ही खोजना चाहिए।

राजस्थानी बात संग्रह में एक मनुष्य के हित के उपरेण की बात भी है। हितोपदेश की इस कहानी में घटना ही प्रधान है। पात्रों का प्रयास तो केवल एक उपदेश की बात को व्यक्त करने के लिए किया गया है। सर्प और उसमें बचाने वाली ऐसी कथायें विभिन्न देशों विभिन्न भाषाओं और एक ही भाषा में विभिन्न रूपों में प्रचलित हैं। किन्तु 'पराग में तलक' कथा के बीच में एक दिमागदार बादशाह की सुन्दर प्रासंगिक कथा है। प्रासंगिक कथाओं का प्राचीन बातों में खूब ही प्रयोग होता था। हर आदमी अपना काम करने के लिए एक नई कथा का आधार लेता था। बृहत्कथा सरित्सागर में इसी प्रासंगिक-कथा-पद्धति का आधार लिया गया है।

विवेचन की अन्तिम कहानी है—पलक दरियाव री बात। मैंने इस कथा को 'पुराण संबंधी' कहा है। यद्यपि ब्राह्मण उपनिषद एवं पुराणों में अनेकानेक प्रसंगानुकूल कथायें हैं। किंतु सभी कथाओं का जीवन के प्रति भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण है और साथ ही उनका पृथक पृथक ऐतिहासिक धार्मिक दार्शनिक एवं सामाजिक आधार है। पुराणों की कथाओं में वेद ब्राह्मण और उपनिषदों की कथाओं की स्पष्टता नहीं है। भारतीय संस्कृति के विकास में पुराणों का उदय बहुत बाद में हुआ है इसलिए पुराणों की कथाओं में हर प्रकार की चमत्कारिता और देवी-देवताओं के अलौकिक कार्यों के अतिरंजनापूर्ण वर्णन आने लगे। उनमें अनेकानेक कथाओं का एक साथ ही समावेश होने लगा।

अवतारों के मंगलकारी कार्यों का वर्णन मनुष्यों की कठिन परीक्षाएं, ईश्वरीय सत्ता से संपूर्ण होने वाले अद्भुत कार्य और ऋषियों-मुनियों के अलौकिक अनुभवों से पुराणों की कथाएं परिपूर्ण हैं।

पलक दरियाव री बात सीधे पुराणों की कथा नहीं है, किन्तु उसका कथात्मक कलेवर पौराणिक कथाओं के समान है। यों पुराणों का बहुत कुछ आधार वैष्णव व विष्णु के स्वरूप पर भी निर्भर है। यह कथा भी विष्णु के अलौकिक कार्यों की प्रशस्ति के रूप में लिखी गई है।

इस कथा में से यदि हम अलौकिक तत्व को निकाल देते हैं तो कथानक बहुत सहज और मनोरम बन जाता है। इस कथा में भगवान विष्णु की लीला का तत्व कथानक की प्रभविष्णुता को तीव्रतम बनाता है। इस अलौकिक तत्व के कारण ही देवीदास और कुंवर विचित्र—एक ही 'व्यक्ति' बने रह सके। कुंवर विचित्र के जन्म से युवक होने तक के कुछ वर्ष—कुछ ही क्षणों के रूप में बयान किये गये हैं। अपने पिता के पास से उसका पुत्र देवीदास विष्णु भगवान की पूजा के लिए गया और वहीं लक्ष्मी की अनुकम्पा से वह भगवान से 'पलक दरियाव' का तमाशा देखने का आग्रह करता है। उधर उसके पिता भोजन की थाली पर पुत्र की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

इन्हीं कुछ क्षणों में देवीदास राजा रूपकरण के यहां जन्म भी लेता है, विवाह भी करता है और उसके पुत्र भी उत्पन्न हो जाता है। अन्त में राजा के यहां से मुक्त होकर वह वापस देवीदास बन जाता है, और जब वह वापस अपने घर लौटता है तो उसके पिता

उसी पालकी पर बैठे हुए हैं। देवीदास—कुंवर विचित्र की सारी जिन्दगी जीकर, कुछ ही क्षण में वह अपने पिता के पास आ जाता है। यहाँ काल की यथार्थ सीमाओं के अतिक्रमण के पीछे एक अलौकिक अथवा दिव्य चमत्कारी सत्ता के विश्वास की गहरी नींव डाली गई है। इसलिए काल के अतिक्रमण की ओर हमारा यथार्थवादी मन जाने का प्रयत्न नहीं करता।

कथा के तत्त्वों की दृष्टि से यह इस संग्रह की सर्वश्रेष्ठ रचना है। घटनाओं का उद्भव पात्रों का निश्चित व आवश्यक स्थल पर प्रस्तुत आगे आने वाले महत्त्वपूर्ण परिणामों का पूर्व-संकेत पाठक के मन को आग्रह आकर्षित करने की शक्ति एवं कथा की सब कर्षणमयी घटनाओं का समग्र और चरम तक विकास—यह सभी गुण इस कथा में हैं। यों तो इस कथा का पौराणिक प्रयोजन भगवान विष्णु की अपरम्पार माया उनकी कृपाभूता उनकी अलौकिक शक्ति और अपने भक्तजनों पर स्नेह है किन्तु यदि हम पौराणिकता के इस तात्त्विक पर्दे को हटा कर देखें तो हमें सांसारिक मनुष्यों के मन की प्रकृत स्थितियों के दर्शन होते हैं। पिता का अपने पुत्र के प्रति प्रेम देवीदास की अपने कार्य के प्रति लगन कुंवर विचित्र का मित्र-भाव रामदास आदि की स्वामिभक्ति सभी सामाजिक जीवन को सभ्य बनाने वाले तत्त्व हैं। इन्हीं भावों के पोषण पर कथा के घटनाओं का क्रम निर्मित हुआ है।

राजस्थानी बात संग्रह की कथाओं में राजस्थान के निवासियों के उत्तर-मध्यकालीन विश्वासों एवं परिस्थितियों का चित्रण हुआ है। यदि हम इन कथाओं के द्वारा उस समय के समाज को परखना चाहें तो पर्याप्त सामग्री मिल सकती है। उनका रहन-सहन खान-पान वेश-भूषा वेषभूषा मकान-महल यात्रा के तरीके व रास्ते युद्ध की सामग्री राजाओं के पारस्परिक एवं बादशाहों से संबंध आम आदमी का साधारण जीवन सुकाल और दुष्काल की समस्यायें देश-वर्णन पुरुष का स्वामित्व और स्त्री का समर्पण सामाजिक संबंध पति-पत्नी सास-बहू पिता-पुत्र के संबंध, मुगल-राज्य की हकीकत राजपूतों का मुसलमानों से संबंध राजनैतिक चक्रव्यूह आदि आदि जीवन के अनेक प्रसंगों का चित्रण इन कथाओं में मिलता है। किन्तु यह सभी प्रसंग तो मनुष्य के बाह्य-जीवन से सम्बन्धित हैं। उसका अन्तरतम 'मन' तो उसकी अनुभूतियों विचारों आकांक्षाओं और कार्य कलापों से ही जाना जा सकता है। राजस्थान का उत्तर-मध्यकालीन औसत मनुष्य सहज ही वीरत्व और गौरव की उद्दीप्त भावना पर मर मिटने वाला सहज व्यक्ति था। उसके मन में भी अपने जीवन के सुकोमल क्षणों में प्रेम का सौरभ महक उठता था। वह अपने देश पर, अपनी मातृभूमि पर न्यौछावर होना जानता था अपने मित्रों के लिए सभी कुछ करने को तत्पर था अवस्था के अनुभव को मन ही मन पूजता था अपनी बात का पक्का था दृढ़-निश्चयी था अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में जीवन की बाजी लगाना उसके बाएँ हाथ का काम था धर्म भीरु था अन्ध विश्वासों का भार उसके कन्धे पर था ईश्वर और समाज के विधान को ज्यों का त्यों स्वीकार करता था स्वामिभक्त रहना जानता था नीतिवान था समय पड़ने पर अपनी शक्ति और बुद्धि का निश्चित ही प्रयोग करता था जीवन को

जीना जानता था कोई न कोई लक्ष्य उसके सामने था निष्प्रयोजन जीवन उसके लिए मौत थी उसके जीवन में एक सुनिश्चित दर्शन चाहे न हो—किन्तु जीवन के कार्यक्रम की मोटी रूपरेखा उसके सामने स्पष्ट थी। अपने व्रत उत्सव त्यौहारों में वह मस्त रहता था और अन्त में वह मनुष्य के अविरल विकास का सहायक बनना चाहता था। वह ऐसे जीवन-मूल्यों की स्थापना करना चाहता था जिससे मनुष्य का भविष्य उज्ज्वल हो सके। यह सभी तथ्य इन्हीं कथाओं से उद्घाटित होते हैं। यह सही है कि इन कथाओं में अनेक ऐसी बातें हैं जो समाज एवं कालसापेक्ष होने के कारण आज के जीवन-यथार्थ और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खोटी दिखाई देने लगी हैं किन्तु उनके पीछे जो तथ्य और संकेत हैं उन्हीं को ऐतिहासिक मूल्यांकन के रूप में ग्रहण किया जाना चाहिए। हम उस समय से बहुत आगे निकल चुके हैं। इसलिए उस सामाजिक मनुष्य से हम कहीं अधिक उमर वाले हो चुके हैं अतः बहुत दूर तक उनकी कलापूर्ण क्रीडाओं को 'वात्सल्य भाव' से देखना भी आवश्यक है।

कथा काव्य-कला का एक अंग है। काव्य के सभी प्रयोजन कथा के भी प्रयोजन हैं। इसलिए अनुभवों की विविधता और अनुभूतियों की अमूर्त-छायाओं के संसार में मनुष्य कथाओं से संतुष्टि और अपने जीवन-दर्शन का तथ्य ग्रहण करता है। कथाओं के माध्यम से पाठक या श्रोता घटनाओं के संवपक्षीय विवेक और मनुष्य के व्यवहारों की गहराई में उतरने की क्षमता प्राप्त करता है। कथायें—लोकजीवन की संघर्षपूर्ण यात्रा की हृदयस्थल में चलती हैं। और इन कथाओं में कुछ तत्त्व ही ऐसा है कि साधारण मनुष्य निश्चित होकर इनके सहारे अपने दैनिन्दिन जीवन के कर्तव्य और अकर्तव्य का निर्णय ले सकता है। इन कथाओं का गुण अथवा अवगुण केवल मनोरंजकता और धर्म की भुलाने वाली शक्ति ही नहीं है। यह जीवन को क्रियाशील कर्तव्यवान और कर्मप्रधान बनाने में विश्वास रखती हैं। इन कथाओं को समाज की किसी बलवान सत्ता ने बचाने का प्रयत्न नहीं किया। जन साधारण के बीच से ही रसिक पाठकों ने अपने लिए हस्तलिखित प्रतियाँ तैयार करवाई हैं। और सौभाग्य से वह कथायें हमारे लिए सुरक्षित रह गयी। कथा के साथ ही साथ उस समय के जीवन का सही प्रतिबिंब हमें सुरक्षित मिल गया।

कथाओं की सुरक्षा सहज नहीं थी। इन कथाओं को जीवित रखने के लिए राजस्थान के अनेक अनाम साहित्य-सेवियों ने अपना परिश्रम अपना और समय दिया है और वह भी बिना किसी आशा और आकांक्षा से मानों कथा-साहित्य को सुरक्षित रखना एक निरपेक्ष तपस्या थी।

मानव-जीवन के पग-पग पर कथाओं के सवैगों का पहरा रहता है। जब मनुष्य अबोध शिशु होता है तो कथा गुनगुनाती माता में चिड़ियों के पंखों पर और नानी की बूढ़ी गोद में बैठी हुई—शिशु के साथ जागती है और उसी के साथ सोती है। वही मनुष्य जब बालक हो जाता है तो कथा की भाषा में कुछ सिमटता आ जाती है। तब वह अपना रूप बदल लेती है। बालक के सहज औत्सुक्य को जगाए रखती है और उसका निदान कर उसे संतुष्ट

करती है। जब वही मनुष्य बाप बन जाता है तो कथा शिक्षक बन कर उसे रीति-नीति ज्ञान-विज्ञान और जीने के तरीकों को समझाती है। मनुष्य जब नवयुवक होने लगता है उसकी मसें भीगने लगती हैं तो कथा—प्रेम उदारता त्याग और मनुष्यता की गरिमा लेकर उपस्थित हो जाती है। लेकिन मनुष्य की यह अवस्था बहुत विकट होती है। उसका मन कसे हुए बलवान और मचलते घोड़े की तरह चंचल और अस्थिर रहता है। कथा इस नव जवान युवक पर लगाम का बंधन रखती है। मनुष्य के जीवन का यह अग्नि-परीक्षा-काल होता है। कथाएँ मनुष्य को वनवासी साधुओं की तरह इस मार्ग से सुरक्षित निकाल लाती हैं। आदमी के बुढ़ापे के साथ कहानी भी बूढ़ी हो जाती है। वह लोक-परलोक की चिन्ता में ही अपने जीवन के साथी के साथ घुलने लगती है और अन्त में सच्चे मित्र की तरह मनुष्य की मृत्यु के साथ उसकी चिता की चिन्गारियों में विलीन हो जाती है। और इन्हीं चिन्गारियों के रूप में बिखर कर यह वापस मनुष्य के शिशुत्व के अबोध भोलेपन में पुनर्जन्म ले लेती है।

यही कथा का चिर क्रम है। यही कथा की बात है।

□